# वर्ष 2031 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

स्रोत: फाइनेंसियल एक्सप्रेस

भारत की एक प्रमुख रेटिंग एजेंसी CRISIL का अनुमान है कि अगले वित्तीय वर्ष (FY25) में देश की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.8% होगी।

- CRISIL का अनुमान है कि **उच्च ब्याज दरों** जैसे कारकों के कारण चालू वित्त वर्ष (FY-24) से भारत की आर्थिक वृद्धि थोड़ी धीमी हो जाएगी, लेकिन फिर भी FY25 के लिये 6.8% की सकारात्मक वृद्धि देखी जा सकती है।
- अगले सात वर्षों में, CRISIL ने **6.7% की औसत वार्षिक वृद्धि दर** का अनुमान लगाया है, जो संभावित रूप से **वर्ष 2031 तक भारत को अमेरिका और चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिये प्रेरित** करेगी।
    - भारत, 3.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के आकार के साथ, वर्तमान में अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद **विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** है।
- अनुमानित वृद्धि से भारत की प्रति व्यक्ति आय (वर्ष 2031 तक $4,500 तक पहुँचना) बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह वर्ष 2031 तक उच्च-मध्यम-आय की स्थिति तक पहुँच सकेगा।
- CRISIL की इंडिया आउटलुक रिपोर्ट का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 और 2031 के बीच, **भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के करीब** पहुँच जाएगा।

**और पढ़ें:** भारत का आर्थिक दृष्टिकोण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-to-become-third-largest-economy-by-2031